प्रथम सत्र, 2020
का प्रथम गुरूवार

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार,
## 15 फाल्गुन, शक संवत्, 1941
## (दिनांक : 05 मार्च, 2020)

## नत्थी 'क'

**उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 40 (2) के अन्तर्गत प्रथम सत्र 2020 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित स्थगित तारांकित प्रश्न**

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>06.08.2019 | *1. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सभी पर्वतीय जिलों के इण्टर कालेजों व विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी है, जिसके कारण वहां शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके लिए कोई नीति बना कर शिक्षकों की उचित व्यवस्था कर शिक्षा के स्तर को सुधारेगी ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरीश सिंह<br>27.01.2020 | *1. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र धारचूला के विद्यालयों में शिक्षा सम्बन्धी मूलभूत ढांचा एवं अध्यापकों (गणित, विज्ञान, अंग्रेजी आदि) की कमी है, जिस कारण बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने हेतु क्षेत्र से बाहर जाना पड़ता है ? क्या सरकार द्वारा शिक्षा जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं के सुधार हेतु कोई पहल की जा रही है तथा साथ ही अध्यापकों (गणित, विज्ञान, अंग्रेजी आदि) की नियुक्तियां किये जाने की कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.01.2020 | *2. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश के राजकीय, प्राथमिक विद्यालयों में साफ–सफाई हेतु सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति का प्राविधान हैं ? यदि हां, तो नियुक्तियों का विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालयों में साफ–सफाई कैसे की जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि क्या सरकार स्वच्छता अभियान के तहत समस्त विद्यालयों में साफ–सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.01.2020 | *3. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं, कि प्रदेश के कई विद्यालयों में सहायक अध्यापकों व प्रवक्ताओं के पद लम्बे समय से रिक्त रहने के कारण गणित और विज्ञान के विषयों को बन्द कर दिया गया है, जिससे छात्र संख्या भी कम हो गयी है, और गरीब छात्रों को मुख्य विषय की पढ़ाई न होने से भारी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार छात्र हित के दृष्टिगत रखते हुए ऐसे सभी विद्यालयों में अध्यापकों व प्रवक्ताओं की नियुक्ति शीघ्र करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>29.01.2020 | *4. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि आपके कैम्प कार्यालय के पत्र दिनांक–01.06.2018 तथा मुख्यमंत्री द्वारा अशासकीय विद्यालयों में रिक्त पदों के सापेक्ष कार्यरत पी0टी0ए0 अध्यपकों को मानदेय की श्रेणी में लाने हेतु पारित शासनादेश दिनांक–03.01.2017 में अंकित अन्तिम तिथि (30 जून, 2016) में परिवर्तन किये जाने हेतु सचिव/निदेशक को कार्यवाही करने के आदेश दिये गये थे ? क्या यह सत्य है कि उक्त प्रकरण में निदेशक ने दिनांक–15.06.2018 व 18.08.2018 द्वारा समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों को ऐसे प्रकरण के प्रस्ताव यथाशीघ्र निदेशालय को उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये थे ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तिथि से अद्यतन तक हुई कार्यवाही का सम्पूर्ण विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>29.01.2020 | *5. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रा0वि0 में छात्रों की संख्या दिन प्रतिदिन कम होती जा रही है, जिससे राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति चिन्ताजनक है ? छात्र–छात्राओं की घटती संख्या पर सरकार कोई कदम उठा रही है, जिससे राजकीय प्राथमिक विद्यालयों की स्थिति में सुधार आ सके ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.01.2020 | *6. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के औपबन्धिक/शिक्षामित्र सन् 2001 से अपनी सेवायें दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में देते आ रहे हैं ? क्या सरकार द्वारा वर्तमान में संशोधित सेवा नियमावली में प्राथमिक 2019 में शिक्षा मित्रों को सहायक अध्यापक के पदों पर नियुक्ति हेतु निकलने वाली खुली भर्ती में अनिवार्य रूप से बी.टी.सी./डी.एल.एड. एवं टी.ई.टी. प्रशिक्षित होने पर 12 अंकों का भारांक व विषय संयोजन का प्रावधान किया गया है ? क्या यह सत्य है कि पूर्व में कुछ बी.टी.सी./डी.एल.एड./ टी.ई.टी. प्रशिक्षित शिक्षा मित्रों को सहायक अध्यापक के पदों पर सीधे समायोजित किया गया था ? क्या सरकार लगातार 19 वर्षों से अविरल रूप से सेवा दे रहे ऐसे शिक्षामित्रों को विषय संयोजन की बाध्यता को खत्म कर सहायक अध्यापक पद पर समायोजित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.01.2020 | *7. क्या प्रोटोकॉल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में प्रोटोकॉल से सम्बन्धित सामान्य दिशा–निर्देश या कोई स्पष्ट नीति का निर्माण किया गया है ? क्या यह सत्य है कि समय–समय पर प्रोटोकॉल सम्बन्धी स्पष्ट दिशा–निर्देश अथवा नीति के अभाव में विविध अवसरों पर असमंजस या विवाद की स्थितियां उत्पन्न होती हैं ? क्या सरकार प्रोटोकॉल सम्बन्धी ऐसे निर्देशों/नीति की प्रति उपलब्ध करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रोटोकॉल |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>30.01.2020 | *8. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि शैक्षिक सत्र वर्ष 2017–18, 2018–19, 2019–20 में राज्य के निजी विद्यालयों में आर0टी0ई0 के अन्तर्गत अपवंचित एवं निर्धन वर्ग के कितने छात्रों के दाखिले हुए ? क्या मंत्री जी को ज्ञात है कि अपवंचित एवं निर्धन छात्रों के प्रवेश की संख्या लगातार घट रही है ? यदि हां, तो सरकार इस अपवंचित एवं निर्धन वर्ग के छात्रों को निजी विद्यालयों में पढ़ाने हेतु आर0टी0ई0 के मानक अनुसार छात्रों की प्रवेश संख्या बढ़ाने हेतु कोई कार्य योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>30.01.2020 | *9. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सूचना एवं संचार तकनीकी परियोजना में वर्चुअल क्लासरूम की स्थापना हेतु जिलेवार चयनित विद्यालयों की संख्या क्या है ? क्या इसमें सरकारी माध्यमिक विद्यालयों को जोड़ा जा रहा है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>31.01.2020 | *10. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने राजकीय इण्टर कॉलेज हैं और वर्तमान में कितने राजकीय इण्टर कॉलेज आज भी भवनहीन हैं ? क्या मंत्री जी इस बात से अवगत हैं कि विद्यालय भवन न होने से अध्ययनरत् छात्र–छात्रओं को अत्याधिक कठिनाईयों को सामना करना पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार छात्रों के हितों को दृष्टिगत रखते हुए, भवनहीन विद्यालयों के भवनों का निर्माण शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल | *11. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सब्जी, फल, दूध, मशरूम, एरोमैटिक | |

| | | |
|---|---|---|
| 31.01.2020 | प्लांट्स आदि के लिए गांव में कलस्टर लगाने की सरकार की कोई योजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री मनोज रावत<br>03.02.2020 | *12 क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड में कुल कितने विशिष्ट बी0टी0सी0 (डी0ई0एल0एड0) प्रशिक्षण प्राप्त अध्यापक हैं ? क्या एन0सी0टी0ई0 द्वारा इनके प्रशिक्षण को मान्यता प्रदान कर दी गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>03.02.2020 | *13. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड बनने के बाद कितने सरकारी स्कूल (प्राथमिक व माध्यमिक) बंद किए गए हैं ? बंद हुए विद्यालयों की परिसम्पतियों का क्या उपयोग किया जा रहा है ? क्या इन बंद हुए विद्यालयों की परिसम्पतियों का प्रयोग पलायन रोकने के लिए सरकार के पास कोई कार्ययोजना है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| काजी मौ0 निजामुद्दीन<br>05.02.2020 | *14. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री को ज्ञात हैं कि आर0टी0ई0 के अंतर्गत अपवंचित वर्ग तथा निर्धन छात्र छात्राओं की क्षति पूर्ति की धनराशि गत दो वर्षों से सरकार द्वारा सम्बन्धित निजी विद्यालयों को नहीं दी गई है, जिस कारण उक्त विद्यालय आर0टी0ई0 के सफल क्रियान्वयन में गंभीर नहीं है ? क्या शिक्षा मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त धनराशि सम्बन्धित निजी विद्यालयों को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>05.02.2020 | *15. क्या पंचायतीराज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में ग्राम सभाओं के सापेक्ष पूरे ग्राम पंचायत अधिकारी नियुक्त हैं ? यदि नहीं तो रिक्त ग्राम पंचायत अधिकारियों के सापेक्ष कार्य करने की क्या व्यवस्था की गयी है ? | पंचायतीराज |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.02.2020 | *16. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में सहकारी समितियों को और अधिक सुदृढ़ किये जाने के लिए सरकार द्वारा क्या–क्या प्रयास किये जा रहे है ? क्या सरकार सहकारी समितियों के माध्यम से बेरोजगार नौजवानों के स्वयं सहायता समूह गठित कर स्वरोजगारोन्मुख बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं ? यदि हां, तो वह कार्यक्रम अथवा योजनायें क्या–क्या हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>06.02.2020 | *17. क्या खेल मंत्री अवगत है कि काशीपुर के खेल स्टेडियम में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है और स्टेडियम में विभिन्न संसाधनों का भारी अभाव है जिनमें मुख्यतः हॉकी एस्ट्रोटर्फ, एथलेटिक्स के लिए सिन्थेटिक ट्रैक, जर्जर कार्यालय भवन एवं आवासीय भवन, खेल उपकरणों की अनुपलब्धता, मुख्य प्रवेश द्वार से तरणताल तक जर्जर मार्ग, परिसर की बाहरी दीवारों का पुनर्निर्माण, तरणताल भवन की मरम्मत तथा वेस्ट वाटर निकासी हेतु जल संग्रह टैंक का निर्माण, समर्सिवल की व्यवस्था, रनिंग ट्रैक में मिट्टी भरान एवं जल निकासी हेतु ड्रेनेज सिस्टम का निर्माण, प्रकाश व्यवस्था, मैदान में पानी छिड़कने हेतु भूमिगत पाईप लाईन की व्यवस्था, बॉस्केटबॉल कोर्ट के दोनों तरफ जाली/दीवारों का निर्माण एवं बाथरूमों का पुनर्निर्माण कार्य आदि प्रमुख है, पर कोई कार्यवाही न होने से प्रदेश की खेल प्रतिभाओं पर इसका विपरीत असर पड़ रहा है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि खेल स्टेडियम के नवीनीकरण हेतु सरकार द्वारा अब तक क्या कार्यवाही की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री धन सिंह नेगी | *18. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत है कि राज्य में दुग्ध संघों के माध्यम से दुग्ध के | |

| | | |
|---|---|---|
| 07.02.2020 | विपणन का कार्य किया जाता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में सरकार दुग्ध पदार्थ के कौन–कौन से बायो प्रोडेक्ट (अवयव) बनाने का कार्य कर रही है? क्या यह भी सत्य है कि राज्य के दुग्ध संघ घाटे में चल रहे है? यदि हां, तो क्या सरकार चीनी मिलों की भांति दुग्ध संघों को भी अनुदान देने पर विचार कर रही है? यदि नहीं, तो क्यों ? | दुग्ध विकास |
| श्री धन सिंह नेगी<br>07.02.2020 | *19. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि राज्य में शिक्षा की गुणवत्ता के लिए प्रति छात्र पर शिक्षकों के पद सृजन का मानक है? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान में राज्य में कक्षा 01 से 05 तक व कक्षा 06 से 12 तक प्रति छात्र कितने शिक्षकों का मानक विद्यमान है? क्या यह भी सत्य है कि शिक्षकों के अभाव में पठन–पाठन बाधित होता है? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में एल0टी0 शिक्षकों व प्रवक्ता के कितने पद सृजित है तथा उनके सापेक्ष रिक्त पदों का जनपदवार विवरण क्या हैं ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री करन माहरा<br>27.01.2020 | 1. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा अशासकीय विद्यालयों के कर्मचारियों को शासकीय विद्यालयों के कर्मचारियों की भांति पेंशन व भत्ते दिये जा रहे हैं ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>27.01.2020 | 2. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि अल्मोड़ा जिले में टी.सी.आई.एल. टैलीकॉम कंसल्टिंग इण्डिया लिमिटेड द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में वर्चुअल कक्षायें संचालित करने के लिये चयनित किया था ? यदि हां, तो मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे, कि कब से कुल कितने विद्यालयों में संचालित किया जा रहा है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं, कि मुख्यमंत्री जी द्वारा इसका उद्घाटन कर दिये जाने और सामग्री भी विद्यालयों में पहुँचने के बाद भी कक्षायें प्रारम्भ नहीं की गयी हैं ? क्या सरकार आने वाली बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए, प्रदेश के सभी शिक्षक विहीन विद्यालयों में कक्षायें संचालित करेगी ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>27.01.2020 | 3. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि प्रदेश के कई विद्यालयों में शिक्षा मित्र एकल होकर भी सभी कार्य करते हैं, और उन्हें पिछले 06 माह से वेतन नहीं दिया गया है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत है, कि 5–6 माह तक वेतन न मिलने से शिक्षा मित्रों के सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है, जो शिक्षा मित्रों के साथ नाइन्साफी है ? यदि हां, तो क्या सरकार भविष्य में शिक्षा मित्रों को समय से वेतन भुगतान करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>28.01.2020 | 4. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में स्थित प्राथमिक/उच्चतर प्राथमिक विद्यालय अपने भवन में चाहरदीवारी सहित संचालित किये जा रहे हैं ? यदि नहीं, तो क्या मंत्री जी सभी प्राथमिक/ उच्चतर प्राथमिक विद्यालयों के भवनों में चाहरदीवारी उपलब्ध करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्रीमती ममता राकेश 28.01.2020 | 5. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत है कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर में बी0डी0 इंटर कालेज का भवन जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है जिससे विद्यालय में पढ़ रहे छात्र–छात्राओं पर हमेशा जान–माल का खतरा बना रहता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी उक्त विद्यालय के भवन का जीर्णोद्धार करायेंगे? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री हरीश सिंह 28.01.2020 | 6. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र गदरपुर के गुलरभोज में मुनस्यारी कोपा क्षेत्र में स्थापित जूनियर हाईस्कूल को उच्चीकृत करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री करन माहरा 28.01.2020 | 7. क्या खेल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद अल्मोड़ा में हुई कैबिनेट बैठक में रानीखेत में स्टेडियम निर्माण का निर्णय लिया गया था ? यदि हां, तो सरकार इसका निर्माण कार्य कब से प्रारम्भ करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | खेल |
| श्री देशराज कर्णवाल 28.01.2020 | 8. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि युवा कल्याण विभाग द्वारा उत्तराखण्ड राज्य के युवाओं को प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार दिया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री देशराज कर्णवाल 28.01.2020 | 9. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में 'रमसा' के द्वारा कौन–कौन से कार्य किये जाते है तथा इससे राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में क्या लाभ मिलता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल 28.01.2020 | 10. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में सर्वशिक्षा अभियान के तहत क्या–क्या कार्य किये जा रहे है? सर्वशिक्षा अभियान के तहत राज्य के सरकारी, अर्द्धसरकारी विद्यालयों को सहायता प्रदान की जा रही है? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत 29.01.2020 | 11. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी विद्यालयों में व्यायाम शिक्षक नियुक्त हैं ? यदि नहीं, तो छात्र–छात्राओं को शारीरिक प्रशिक्षण व खेल–कूद का प्रशिक्षण कैसे दिया जा रहा है ? क्या सरकार छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए, व्यायाम शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत 29.01.2020 | 12. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों/उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों/इण्टर कॉलेजों के पास अपनी भूमि है ? यदि नहीं, तो इसका विवरण क्या है ? क्या सरकार इन विद्यालयों हेतु भूमि की व्यवस्था करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत 29.01.2020 | 13. क्या सहकारिता मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में विभिन्न सहकारिता संस्थाओं की अपने नाम भूमि दर्ज है ? यदि नहीं, तो विभाग भूमि सहकारिता संस्थाओं के नाम दर्ज कराने की कार्यवाही कर रहा है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सहकारिता |
| श्री देशराज कर्णवाल 29.01.2020 | 14. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्तमान समय में राज्य में निजी विद्यालयों की संख्या बढती जा रही है तथा सरकारी विद्यालयों में छात्र संख्या घटती जा | |

| | | |
|---|---|---|
| | रही है ? क्या निजी विद्यालयों को मानकों के अनुसार मान्यता प्रदान की जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि 10 कि0 मी0 के दायरे में जहां सरकारी स्कूल है वहां पर निजी विद्यालय को मान्यता नहीं दी जाती परन्तु इसके विपरीत 10 कि0 मी0 के दायरे में कई निजी विद्यालय स्थापित हो गये है, जो सरकारी विद्यालयों के लिए चिन्ता का विषय है ? क्या सरकार इस पर विचार करेगी ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.01.2020 | 15. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र धनोल्टी के अन्तर्गत रा.इ.का. दौंक (सकलाना) जौनपुर जनपद टिहरी गढ़वाल में अर्थशास्त्र विषय के 65 छात्र–छात्रायें अध्ययनरत हैं, किन्तु अर्थशास्त्र के शिक्षक का पद रिक्त है ? क्या यह सत्य है कि गणित विषय स्वीकृत न होने तथा गणित विषय का छात्र भी न होने के बावजूद वष 2017 से गणित का शिक्षत तैनात है ? क्या सरकार छात्रहित में अर्थशास्त्र विषय के शिक्षक की तैनाती तथा नियम विरूद्ध गणित विषय के शिक्षक की तैनाती को निरस्त कर अन्यत्र स्थानान्तरित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>30.01.2020 | 16. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय नैनबाग, टिहरी गढ़वाल जो कि रवांई घाटी, जौनपुर तथा जौनसार क्षेत्रवासियों के केन्द्र में स्थित है, जहां केवल स्नातक स्तर पर ही कला संकाय की ही कक्षायें संचालित हैं ? क्या सरकार छात्र–छात्रा हित में स्नातकोत्तर स्तर पर इतिहास, भूगोल, हिन्दी, अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान व संस्कृत विषयों का संचालन प्रारम्भ करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>30.01.2020 | 17. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा क्षेत्र में कुल कितने युवक मंगल दलों व कितने महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन राशि दी गयी है, तथा वर्ष –2017–18, 2018–19 व 2019–20 में वर्षवार कुल कितनी धनराशि दी गयी हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यह राशि सभी महिला एवं युवक मंगल दलों को देंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| काजी मौ0 निज़ामुद्दीन<br>31.01.2020 | 18. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि आर.टी.ई. के अनुसार निजी विद्यालयों में अपवंचित तथा निर्धन वर्ग के छात्रों के प्रवेश की प्रक्रिया क्या है ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्रीमती ममता राकेश<br>31.01.2020 | 19. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि मेरे द्वारा निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड को प्रेषित पत्र संख्या :– मेमो/बी0आई0पी0/2019, दिनांक 13/08/2019 में भारत सरकार द्वारा जनपद हरिद्वार के इण्टर कॉलेज में सोलर प्लांट लगाने की योजनायें शामिल किये जाने विषयक है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र भगवानपुर के राजकीय इण्टर कॉलेजों में सोलर प्लांट लगाये जाने की कार्यवाही की अद्यतन स्थिति क्या है ? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मनोज रावत<br>31.01.2020 | 20. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2016 से वर्तमान तिथि तक उत्तराखण्ड राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों से जिन माध्यमिक सहायक अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं को अन्यत्र स्थानान्तरित किया गया, उनके स्थान पर छात्र हित में क्या दूसरे अध्यापकों की तैनाती की गई ? यदि हां, तो कृपया उक्त विवरण सदन के पटल पर रखने का कष्ट करेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>31.01.2020 | 21. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2016 से दिसम्बर, 2019 तक पर्वतीय क्षेत्रों से कितने सहायक अध्यापकों एवं प्रवक्ताओं (माध्यमिक) के स्थानान्तरण मैदानी क्षेत्रों में किये गये ? क्या इसके लिए कोई नियम बनाये गये थे ? यदि हां, तो नियम क्या है ? यदि नहीं, तो नियम विरूद्ध स्थानान्तरण क्यों किये गये ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03.02.2020 | 22. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधानसभा क्षेत्र काशीपुर में संचालित प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, हाईस्कूल एवं इण्टर कॉलेजों की संख्या कितनी–कितनी है और संचालित विद्यालयों में से कितने विद्यालय जर्जर भवनों में संचालित हो रहे हैं और कितने विद्यालयों में पानी, बिजली एवं शौचालयों की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं ? क्या मंत्री जी व्यवस्था विहीन विद्यालयों की सूची उपलब्ध करायेंगे एवं यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इन विद्यालयों में समस्त व्यवस्थायें उपलब्ध कराए जाने हेतु सरकार के द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गई है ? यदि हां, तो कार्य योजना का विवरण क्या है ? यदि नहीं तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>04.02.2020 | 23. क्या प्रौढ़ शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रौढ़ शिक्षा के अन्तर्गत राज्य में कौन–कौन सी गतिविधियां की जा रही है ? क्या इससे प्रौढ़ छात्रों को लाभ मिल रहा है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रौढ़ शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>04.02.2020 | 24. क्या दुग्ध विकास मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन में पिछले वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष भारी गिरावट दर्ज की गयी है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में पशुपालक जब तक गाय, भैंसे दूध देती हैं, तब तक उसे अपने पास रखते हैं, बाद में उसे बेच देते है ? पहाड़ों से हो रहा पलायन लोगों को पशुपालन से दूर कर रहा है, जिसके कारण दुग्ध उत्पादन में भी भारी कमी आ रही है ? क्या सरकार दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने हेतु अतिरिक्त डेरी समिति खोलने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | दुग्ध विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>05.02.2020 | 25. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य में युवा वर्ग को खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को प्रतिदिन जलपान की कितनी धनराशि उपलब्ध करवाई जा रही है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री मनोज रावत<br>05.02.2020 | 26. क्या उच्च शिक्षा मंत्री के संज्ञान में है कि यू0जी0सी0 द्वारा महाविद्यालयों को ग्रांट कमीशन विश्वविद्यालय अनुदान प्राप्त करने हेतु एन0एन0ए0सी0 ग्रेडिंग लेना आवश्यक कर दिया है ? यदि हां, तो प्रदेश के यू0जी0सी0 पात्रता हेतु कितने महाविद्यालयों को एन0एन0ए0सी0 प्राप्त करा दी गई है? | उच्च शिक्षा |
| श्री मनोज रावत<br>05.02.2020 | 27. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री के संज्ञान में है कि उत्तराखण्ड विद्यालय शिक्षा परिषद की कक्षा 10 व 12 में सम्मिलित होने वाले छात्रों की संख्या में कमी आ रही है ? यदि हां, तो इसके क्या कारण है ? सरकार छात्रों की संख्या बढ़ाने हेतु क्या प्रयास कर रही है ? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>05.02.2020 | 28. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनता इण्टर कालेज टकुलीखाल, रिखणीखाल, पौड़ी व जनता इण्टर कॉलेज पाली, बिरौंखाल, पौड़ी के इण्टरमीडिएट कॉलेज में विज्ञान विषय स्वीकृत हैं ? यदि नहीं, तो उक्त विद्यालयों में विज्ञान विषय स्वीकृत किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.02.2020 | 29. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में वर्ष 2016–17, 2017–18 तथा 2018–19 में जनपदवार कौन–कौन से विद्यालय हाईस्कूल तथा इण्टरमीडिएट स्तर पर उच्चीकृत किये गये है? क्या सरकार उच्चीकृत किये जाने वाले अथवा किये गये विद्यालयों के भवनों के निर्माण हेतु बजट का प्रविधान करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.02.2020 | 30. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 31.01.2020 को विकासखण्ड थौलधार, जनपद टिहरी गढ़वाल में बी.डी.सी. की बैठक आयोजित की गई थी ? क्या यह सत्य है कि उक्त महत्वपूर्ण प्रथम बैठक में 33 (तैंतीस) जिला/खण्ड स्तरीय अधिकारी अनुपस्थित रहे हैं? क्या सरकार अनुपस्थित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करेगी तथा आगामी बैठकों में उपस्थित रहने हेतु कड़े निर्देश निर्गत करेगी? यदि हां, तो कब तक? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री प्रीतम सिंह पंवार<br>06.02.2020 | 31. क्या युवा कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में प्रान्तीय रक्षक दल के जवानों के मानदेय बढ़ाने पर सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है ? क्या सरकार बतायेगी कि प्रान्तीय रक्षक दल के जवानों को प्रतिदिन कुल कितना मानदेय दिया जा रहा है ? क्या सरकार द्वारा इन जवानों को पूरे वर्ष भर का मानदेय दिया जाता है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | युवा कल्याण |
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>06.02.2020 | 32. क्या उच्च शिक्षा मंत्री अवगत है कि राधेहरि, राजकीय स्नात्कोत्तर, महाविद्यालय, काशीपुर में प्राध्यापकों, तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के पद रिक्त चले आ रहे है और इन रिक्तियों के कारण कॉलेज में छात्र छात्राओं के पठन–पाठन एवं अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो रही है? यदि हां, तो रिक्त पदों पर कब तक नियुक्ति होगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>06.02.2020 | 33. क्या दुग्ध विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सरकार द्वारा कितना दुग्ध उत्पादन किया जाता है तथा जो सरकारी समितियां है, उनके द्वारा भी दुग्ध उत्पादन में सहयोग लिया जाता है और इससे राज्य सरकार को कितना लाभ मिलता है ? क्या राज्य सरकार दुग्ध उत्पादन को और अधिक बढ़ावा देने लिये कोई प्रयास कर रही है? यदि हां, तो क्या? यदि नहीं, तो क्यों ? | दुग्ध विकास |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>07.02.2020 | **द्वितीय मंगलवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 01 में स्थानान्तरित**<br>34. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के नेहरू जूनियर प्राईमरी विद्यालय को अनुदान के आधार पर 4 दशकों से अध्यापकों को अनुदान प्राप्त नहीं हुआ है तथा 01 से 05 तक के सैकड़ों छात्र–छात्राओं का भविष्य अधर में है ? क्या सरकार इन बच्चों के भविष्य को सुधारने के लिये कोई योजना चला रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>07.02.2020 | 35. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि अल्मोड़ा जिले में कुल कितने प्राथमिक, जूनियर हाई स्कूल, उच्चतर माध्यमिक व इण्टरमीडिएट विद्यालय संचालित हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विज्ञान व गणित के कुल कितने पद स्वीकृत है और स्वीकृत पदों के सापेक्ष कुल कितने शिक्षक कार्यरत है और कितने पद रिक्त है ? क्या सरकार छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए रिक्त पदों पर शीघ्र ही नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>07.02.2020 | **द्वितीय सोमवार के अतारांकित प्रश्न संख्या 54 में स्थानान्तरित**<br>36. क्या पंचायती राज मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जिला पंचायतों/क्षेत्र पंचायतों को दी जाने वाली राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त को समान रूप से देने पर विचार कर रही हैं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पंचायती राज |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>10.02.2020 | 37. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में चल रहे मिड डे मिल का संचालन विद्यालयों से हटाकर पंचायतों को देने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>10.02.2020 | 38. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति हेतु उच्च शिक्षा की तरह प्रधानाचार्यों को अधिकृत किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>10.02.2020 | **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त**<br>39. क्या विद्यालयी शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश के समस्त अशासकीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र–छात्राओं के मासिक शैक्षिक कौशल जांच हेतु मासिक परीक्षा ली जाती है ? यदि हां, तो इस मासिक परीक्षा की रिर्पोट किस अधिकारी को उपलब्ध करायी जाती है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त विद्यालयों द्वारा अपने निजी स्रोत्रों से इण्टरमीडिएट स्तर पर पढ़ाये जाने वाले विषय सम्बन्धित कार्यरत पी.टी.ए. शिक्षक के विद्यालय का नाम, शिक्षा व पिता का नाम व जन्म तिथि विद्यालय में कार्य करने की तिथि, शैक्षिक योग्यता अर्ह/अनर्ह, जिस विषय में कार्यरत है वह विषय रिक्त है या नहीं व रिक्त होने की तिथि जिस विषय में कार्यरत है, उस विषय की मान्यता की तिथि मानदेय अनुमन्य चैक/रोकड पंजिका आदि बिन्दुओं का विवरण सदन के पटल पर रखेंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | विद्यालयी शिक्षा |
| श्री देशराज कर्णवाल<br>10.02.2020 | 40. क्या उच्च शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उच्च शिक्षा के लिये राज्य के महाविद्यालयों की स्थिति को सुधारने तथा शिक्षकों की कमी के लिये राज्य सरकार द्वारा क्या प्रयत्न किये गये है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उच्च शिक्षा |